श्री जी.वी.एल. नरसिंहा राव (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, सदन के नेता पीयूष गोयल जी ने कहा कि कुछ सदस्यों को नाम से आपत्ति थी, लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि विधेयक के नाम से नहीं, विपक्ष के काम से जनता को आपत्ति है। यह विधेयक मोदी जी की प्रगतिशील मानसिकता को दर्शाता है और उनके प्रति जनता के अपार के विश्वास को दर्शाता है। यह एक परिवर्तनकारी शासन का प्रतीक है। यह सुशासन के प्रति मोदी जी की निष्ठा का परिचय देता है। एक umbrella के कानून के तहत, 42 कानून में 183 प्रावधानों के विधेयक के माध्यम से जनता और व्यापारियों को बड़ी राहत देने वाला एक परिवर्तनकारी कानून है। मैं भी उस संयुक्त कमेटी का सदस्य रहा, जिस कमेटी ने पी.पी.चौधरी जी के नेतृत्व में काम किया। कमेटी ने बिल के प्रावधानों के संबंध में 97 सुझाव दिए और उन सभी को सरकार ने स्वीकृत भी किया। मैं उसके लिए सरकार को धन्यवाद देता हूं। इसके साथ-साथ सात सामान्य सुझाव भी दिए हैं। आगे इस कानून के पालन के बाद, इसकी अनुमति के बाद किस प्रकार की कार्रवाई सरकार के द्वारा होनी चाहिए, उसके लिए ऐसे सात सुझाव दिए थे, जिनमें से सरकार ने छह सुझावों को मान भी लिया है। उसमें दो-तीन बहुत ही विशेष सुझाव हैं। एक सुझाव यह है कि यह विधेयक 42 कानूनों का संशोधन करने वाला विधेयक है। ऐसे सैकड़ों कानून हैं, जिनमें इस प्रकार के अमेंडमेंट करने की आवश्यकता है। सरकार ने यह सुझाव मान लिया है कि आगे वह इस प्रकार की कार्रवाई को, इस प्रकार की

प्रक्रिया को जारी रखेगी, लेकिन इसमें मंत्री जी, वे सदन के नेता भी हैं, तो अगर वे सरकार की तरफ से क्या विचार है, इस पर रोशनी डालेंगे, तो मैं मानता हूं कि बहुत ही लाभदायी होगा।

दूसरा, हम यह केंद्र सरकार के कानूनों की अमेंडमेंट कर रहे हैं, लेकिन राज्यों में हज़ारों ऐसे कानून हैं और राज्यों में भी कानूनों को संशोधन करने की, उनको बदलने का एक सुझाव कमेटी ने दिया था, तो इसको लेकर आगे सरकार के क्या विचार हैं? यह बिल्कुल पूरे देश के लिए लाभदायी साबित होगा। इसके अलावा देश में ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस, यानी व्यापार करने में आसानी है। 2014 में विश्व में भारत की रैंकिंग 142 थी और 2019 में हमारी रैंकिंग इम्प्रूव होकर 63 हो गई थी। ऐसे करीब 40,000 अनावश्यक अनुपालनों को, कम्प्लाएंसेज़ को पिछले नौ साल में मोदी जी की सरकार ने हटाया था, खत्म किया था। यह अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मैं इसके लिए सरकार को, माननीय प्रधान मंत्री जी को साधुवाद देता हूं। 1,500 से ज्यादा पुराने कानूनों को खत्म किया गया है और हमारी अर्थव्यवस्था के दसवें नम्बर से पांचवें नम्बर पर पहुंचने में ऐसे रिफॉर्म्स का बहुत बड़ा योगदान रहा है। आज हम संशोधन के जरिए, जो विधेयक पारित करने वाले हैं, इसका भी बहुत दूरगामी असर भारत की अर्थव्यवस्था पर होगा। ऐसे ही रिफॉर्म्स के कारण, आर्थिक सुधारों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था में 2022-23 में 7 परसेंट जीडीपी की ग्रोथ हुई है। विश्व में सबसे ज्यादा तेजी से ग्रो करने वाली अर्थव्यवस्था भारत है। इसके लिए ऐसे आर्थिक सुधारों की बहुत बड़ी भूमिका रही है। भारत में सबसे ज्यादा एफडीआई, फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट 2021 में हुआ है, जो 85 यूएस बिलियन डॉलर्स है। आज हम जो विधेयक को परित करने वाले हैं, यह बहुत ही बड़े आर्थिक सुधार की तरफ कदम है।

दूसरी बात यह है कि केवल व्यापार को ही सरल नहीं बनाना, बल्कि आम जनता के जीवन को भी बेहतर बनाना इस कानून का एक लक्ष्य है। उसमें सरकार ने यूपीआई के माध्यम से जो पहल की है, वह भी एक बड़ा कदम है। यह इससे पूरी तरह संबंधित नहीं है, लेकिन वह भी एक बड़ा बदलाव है। भारत में 15,468 लाख करोड़ की ट्रांजैक्शन्स पिछले छह वर्षों में हुई है। विश्व की जो सारी ट्रांजैक्शन्स हैं, उसमें से करीब 40 प्रतिशत केवल भारत में हो रही हैं। भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने में ऐसे सुधारों की एक बहुत बड़ी भूमिका रही है। भारत ने अमृत काल में जो प्रवेश किया, उस अमृत काल में सही लक्ष्यों को हासिल करने में इस विधेयक और इसके बाद होने वाले और संशोधनों की बहुत बड़ी भूमिका रहेगी। जन विश्वास में मोदी जी का विश्वास है। वे जन विश्वास के प्रति ही चुनाव जीतते रहे हैं और आगे भी जीतेंगे। धन के प्रति विश्वास रखने वालों के लिए ...(**समय की घंटी**)... यह बहुत ही निराशाजनक साबित हो सकता है। मैं यह बात कहते हुए और इस बिल का समर्थन करते हुए, अपनी वाणी को विराम देता हूं।

SHRI SADANAND SHET TANAWDE (Goa): Mr. Deputy Chairman, Sir, I rise to speak in support of the Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2023. सर, इसके पहले मैं अपनी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और अपने लीडर्स को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उनकी वजह से मुझे इस सदन में आने का और बोलने का मौका मिला। मैं अपने राज्य के मुख्य मंत्री जी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। I extend my gratitude to respected Hon'ble Prime Minister, Shri Narendra Modi, who has been the guiding light in this journey.

सर, मुझे इस हिस्टोरीकल बिल की चर्चा में भाग लेने का अच्छा मौका मिला है। It is noteworthy to mention that this Bill proposes to amend 183 provisions in 42 Central Acts administered by 19 Departments covering various domains, such as environment, agriculture, media, industry, trade, IT, copyright, motor vehicles, cinematography, food safety, the Indian Coastal Act and many more.

As a great step to achieving Ease of Doing Business, the Bill will decriminalize minor offences that do not involve any harm to the public interest or national security and replace them with civil penalties or administrative actions. Sir, this Bill will remove imprisonment clauses and fines in some provisions and convert them into penalties in some others. The penalties will be determined by adjudicating officers appointed by the respective departments. The Bill will ensure that offenders can settle their cases by paying certain amount without going through a court trial. The Bill will provide for a periodic provision of fines and penalties once in every three years with an increase of a minimum of 10 per cent amount of various offences in the specified Acts which will ensure proper enforcement. By introducing administrative adjudication mechanism, the Bill will reduce pressure on justice delivery system and help in reducing case pendency. This Bill will facilitate more efficient and effective justice dispensation. The Bill will foster trust-based governance by ensuring citizens, businesses and Government departments operate without fear of imprisonment for minor, technical or procedural defaults. This Bill, especially for my State of Goa, will be a game-changer. With the guidance of our Hon'ble Prime Minister, our State is emerging as a vibrant investment destination and is leading among small States and UTs in terms of Ease of Doing Business.

I am thankful to the Hon'ble Commerce Minister. सर, मुझे याद है, जब दो महीने पहले हमारे मिनिस्टर साहब गोवा में आये थे, उस टाइम हमने intellectuals and industrialists की मीटिंग रखी थी। I was a part of that meeting. मिनिस्टर साहब ने सभी को सुना और सभी industrialists ने उनको बताया कि यह-यह प्रॉब्लम है। उसमें एडिटर्स भी थे। सबकी बातें सुनने के बाद मिनिस्टर ने बोला कि किसी को और भी कुछ बोलना है, तो सदानंद के पास लिखकर दीजिए और दो महीने के बाद मैं राज्य सभा में पहुंचा हूं, इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं।

I conclude my submissions and, once again, I support the Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2023. Thank you.

[The VICE-CHAIRMAN (Shrimati P.T. Usha) *in the Chair*.]

DR. SIKANDER KUMAR (Himachal Pradesh): Thank you, Madam Vice-Chairperson for giving me the opportunity to participate in the discussion on this important Bill,

namely, the Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2023. I also congratulate the hon'ble Minister, Shri Piyush Goyal, for bringing this Bill in a comprehensive and consolidated manner.

Madam, I rise to support the Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2023, which aims to amend certain enactments for decriminalizing and rationalizing minor offences to further enhance trust-based governance for ease of living and doing business.

Under this Bill, 183 provisions in 42 different Acts under the ambit of 19 different Ministries proposed to be decriminalized. Therefore, ordinary citizens and businessmen can carry out their activities without unnecessary fear. It is further reported that the Bill is aiming to rationalise 110 provisions, across 35 Acts, which are administered by 15 different Ministries/ Departments. The rationalisation will include simplifying and digitisation of compliances.

The Bill was referred to a 31-member Joint Committee of Parliament in December, which presented its Report on 20th March, 2023. The Bill was introduced in the Lok Sabha on 22nd December, 2022 and was referred to the Joint Committee of Parliament. The main objective of the Bill is to decriminalize minor offences that do not involve any harm to the public interest or national security. It helps to achieve the target of enhanced trust-based governance, increasing the ease of living and ease of doing business across the country. The Modi Government believes that Indians are honest and they live their life and conduct their business honestly. The Government does nothing to penalise its citizens and small and medium businessmen for small mistakes. This Bill reflects our hon'ble Prime Minister Modi Ji*'s* vision of 'Minimum Government and Maximum Governance'.

Madam, the MSME's are the backbone of the Indian economy and contribute significantly to the GDP. For these enterprises, to make a shift to the formal sector and generate jobs and income, there must be effective and efficient business regulations in place that eliminate unnecessary red-tapism.

This Bill proposes decriminalisation of 180 offences across 42 laws, governing environment, agriculture, media, industry, trade, and publication, etc. The Bill seeks to remove imprisonment clauses and/or fines in some provisions and convert them into penalties in some others. Madam, the Bill also introduces compounding of offences in some provisions, which means that the offenders can settle their cases by paying a certain amount without going through a court trial. The Bill reduces pressure on the justice system and helps in reducing case pendency and facilitates a more efficient and effective justice dispensation.

Madam, in the past eight years of the Modi Government, the Government has repealed approximately 1,500 redundant laws, simplified approximately 39,000 compliances and decriminalised approximately 3,500 minor offences, which has been a game-changer in improving the lives of ordinary citizens and small businessmen. The focus of the Modi Government is on removing fear from the minds of small businessmen. Such Acts, which decriminalise offences for minor mistakes, take fear out of our small businessmen and traders and boost their growth. I am sure, this legislation would serve as guiding principle for future amendments in various laws.

Madam, by bringing this Bill, the Government is bringing in the concept of *'Janvishwas'* by reposing faith in the people of the country and removing compliances, burdens, and decriminalising very minor offences. The Government believes that the Indians are honest and live their life and conduct their business honestly. Therefore, the Modi Government does not want to penalise its citizens and small and medium businessmen for small mistakes.This is as per Shri Narendra ModiJi's vision of 'Minimum Government and Maximum Governance'. The mantra of 'trust-based governance, based on ease of living and doing business' will bring even more prosperity to the country.

Madam, with these words, I support this Bill and thank the Chair for giving me the opportunity to speak on this important Bill.

Thank you.

SHRI BHUBANESWAR KALITA (Assam): Thank you, Madam, for giving me the opportunity. I am very happy to see a person from the sports fraternity in the Chair; I congratulate you. I rise to support the Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2023. As you all know, our visionary leader, Narendra Modiji, took over in 2014. He has one cardinal principle, which he enunciated among the people of this country, which is, 'Minimum Government and Maximum Governance'. But this 'Minimum Government and Maximum Governance' is not just a slogan. Over the last nine years, he has pursued, he has taken all kinds of reforms, including the judicial reforms, social reforms and administrative reforms by which a fruitful governance has been given to this country. In 2014, we were at the tenth position in the world ranking of emerging economies; today, we are at fifth position in the ranking of emerging economies; and, within next five years, under the visionary and able leadership of Narendra Modiji, we will become one of the three emerging economies, and the most prosperous economies of the world. Madam, under his leadership, this country has reached to this position. Number one, if we analyse, in 2013, in terms of Ease of

Doing Business, we ranked 132 among 185 countries. But, by 2020, we reached at the 63rd position. Yes. After that, rankings were discontinued. But, today, we may be in one, two or third position as far as reforms are concerned. Madam, how has it been done? It has been done by reducing the deterrents of our progress, our blockades. How has it been done? I congratulate the Hon'ble Minister for bringing forward this revolutionary Bill for Ease of Doing Business and taking the country forward. The Bill proposes to amend 183 provisions in 42 Central Acts administered by 19 Ministries and Departments. Now, these deterrents have been removed. The main objective of the Bill is to decriminalise minor offences. This is one deterrent that has been removed by this Bill. This Bill was needed to reduce the undue pressure on the judicial system; to create a fair way to decide how strong the punishment should be for wrongdoing based on how serious the offence is.The Bill also plays an important role in the Government's aim of achieving 'Minimum Government, Maximum Governance.' The key highlights of the Bill are amendment in 42 Acts. Some key laws include the Indian Forest Act, 1927; The Air (Prevention and Control of Pollution) Act, 1981; the Information Technology Act, 2000; the Environment (Protection) Act, 1986; the Copyright Act, 1957; the Patents Act, 1970; the Railways Act, 1989; and the Food Safety and Standards Act, 2006. Now, how has the decriminalization been done? The Bill decriminalizes certain offences by replacing imprisonment with monetary penalties, instead of a fine. Offences under the Information Technology Act, 2000, can lead to imprisonment or fine. The Bill introduces a penalty of up to Rs.25 lakhs. Offences under the Patents Act, 1970, involving falsely represented articles face a fine; the Bill replaces it with a penalty of up to Rs.10 lakhs. The Bill has, rightly, incorporated the suggestions of the Committee. As has been mentioned by some Hon'ble Members of the Joint Committee, Committee's suggestions have been incorporated in this Bill. So, I am not going to repeat that. I only want to highlight one point that the fines and penalties for various offences in the specified Act will be increased by 10 per cent of the minimum amount every three years. The Bill also introduces compounding of offences in some provisions. So, the offenders can settle their cases by paying a certain amount without going through the court process. There are other provisions which can be appreciated, like the appointment of adjudicating officers.

Now, what are the benefits of the Bill? This Bill has brought judicial reforms in a very indirect system; like, with over 5.02 crore court cases pending in India, the highest in the world, this Bill would help in reducing case pendency to some extent and facilitate a more efficient and effective justice dispensation. The Bill, also being

referred to as the 'Ease of Business Bill', will foster trust-based governance by ensuring that citizens, businesses and the Government Departments operate without fear of imprisonment for minor, technical or procedural defaults. It would accelerate investment decisions due to smoother processes and attract more foreign investment.

Madam Vice-Chairperson, there are some other suggestions on the Bill. I am not going to repeat them, but I would very well express some of my concerns about the Bill, which the Hon'ble Minister would enlighten us about and tell us how this Bill would overcome these. The first issue is, omission of offences under the Act. The Bill removes certain offences from the Act. The offences committed by officials of Post Office like theft and fraud are being omitted. The relevance of these omissions to the Bill's intent is unclear. I hope the Hon'ble Minister would throw some light on this. The second and most important provision is 'privacy concern' from these omissions. The offences related to illegal opening of postal articles are being removed by the Bill. The postal articles are given in confidence, in trust, but if they are opened, the privacy doesn't remain. Privacy issues could arise due to the removal of these provisions. Personal data such as health insurance and credit card information may be compromised. Removal of these safeguards might contradict the Right to Privacy recognized by the Supreme Court. Existing laws like the Indian Penal Code do not cover these violations without theft or misappropriation.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI P.T. USHA): Time is over.

SHRI BHUBANESWAR KALITA: Madam, I congratulate the Hon'ble Minister for bringing this revolutionary Bill. I hope he would address my concerns. Thank you very much.

श्री घनश्याम तिवाड़ी (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदया, मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि मैं उस जेपीसी का मेम्बर था, जिसमें यह बिल विचार के लिए भेजा गया था। उस कमिटी ने इस बिल के ऊपर जितनी भी सिफारिशें की थीं, भारत सरकार ने उन सबको स्वीकार करके हमारे सामने इस बिल को रखा है। इसके लिए मैं माननीय मंत्री महोदय और माननीय प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।

महोदया, मैं कहना चाहता हूं, यह जो बिल लाया गया है, इसके पीछे हमारे शास्त्रों की एक बहुत बड़ी सूक्ति है और वह सूक्ति है -

न वै राज्यं न राजाऽऽसीन्न च दण्डो न दाण्डिकः
धर्मेणैव प्रजाः सर्वा रक्षन्ति स्म परस्परम् ।।

माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि पब्लिक और हम, एक-दूसरे पर विश्वास करें, विश्वास के आधार पर हमारे काम चलें, इसीलिए इस बिल का नाम 'जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2023' रखा गया है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं बताना चाहूंगा कि यह एक क्रांतिकारी बिल है। मैं 1980 से संसदीय लोकतंत्र का अध्ययन करने वाला एक छात्र रहा हूं और मैंने आज तक यह नहीं देखा कि कभी एक ही बिल में 19 डिपार्टमेंट्स के 42 कानूनों में 183 संशोधन हुए हों। भारतीय संसद के इतिहास में यह सबसे बड़ा बिल लाया गया है और इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा। मैं कहना चाहूँगा कि जिन लोगों ने जेपीसी की मीटिंग में किसी प्रकार का विरोध नहीं किया, लेकिन उसके बाद अपना डिस्सेंट नोट लगा दिया, वे इस बात का ध्यान कर लें कि भारत में ऐसे दो व्यक्ति हुए हैं, जिन्होंने तीन बार लगातार प्रधान मंत्री पद की शपथ ली है- एक पंडित जवाहरलाल नेहरू, दूसरे अटल बिहारी बाजपेयी जी और अब तीसरे श्री नरेन्द्र मोदी जी होंगे, जो लगातार तीसरी बार प्रधान मंत्री पद की शपथ तो लेंगे ही लेंगे, लेकिन पंडित जवाहरलाल नेहरू का जो सबसे लम्बा प्रधान मंत्री पद पर रहने का कार्यकाल है, उसको भी पार करेंगे और सबसे लम्बे समय तक भारत के प्रधान मंत्री रहने का रिकॉर्ड भी उनके नाम लिखा जाएगा।

सर, यह बिल ऐसा क्यों है? यह ऐसा इसलिए है, क्योंकि इस बिल में कोर्ट्स में जो 4 करोड़, 30 लाख मामले लम्बित हैं, उनमें केवल 3.2 करोड़ मामले ऐसे हैं, जो आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, बाकी मामले आपराधिक प्रवृत्ति के नहीं हैं, लेकिन उनका criminalization किया हुआ है, वे इसमें शामिल हैं। उदाहरण के लिए, केवल एक Motor Vehicles' Act है, जिसके 87 लाख मामले हैं, उनको आराम से निपटाया जा सकता है। यह बिल आपराधिक मामलों को कम करेगा। यह केवल व्यापार करने वालों के लिए नहीं है। उपसभापति महोदय, यह बिल ऐसे काम कर रहा है कि जो रेलवे में भीख माँगता है, उसको 2 साल की सज़ा का प्रावधान है, जिसको यह बिल समाप्त कर रहा है। यह बिल इस बात को समाप्त कर रहा है कि एक गड़रिया जब अपनी बकरी लेकर जाता है और भूल से वह बकरी अगर वन विभाग के क्षेत्र में घुस जाती है तो उसके लिए उसको पाँच साल की सज़ा है, तो यह उस गड़रिये को भी लाभ देने वाला बिल है। इस बिल में इसी प्रकार के बहुत से प्रावधान हैं, जो केवल ease of doing business ही नहीं, बल्कि ease of living के लिए भी हैं। ...(**व्यवधान**)... जी हाँ, बकरी वाले को भी 5 साल की सज़ा है। इसी प्रकार, एक पोस्टमैन, जो डाक लेकर आता है, अगर भूल से उसने इस घर के बजाय उस घर में डाक दे दी या भूल से कोई गलती कर दी, कोई त्रुटि हो गई तो उसके लिए 2 साल की सज़ा का प्रावधान है। ...(**व्यवधान**)... जी हाँ, पोस्टमैन को, डाकिये को भी सज़ा का प्रावधान है, इसलिए इसमें उसको भी हटाने का प्रावधान है। इसलिए मैं कहता हूँ कि वास्तव में यह एक क्रांतिकारी बिल है, वास्तव में यह एक ऐतिहासिक बिल है।

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए*)

माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहूँगा कि कारावास और जुर्माने वाले ऐसे 42 प्रावधान हैं। ये 42 प्रावधान ऐसे हैं, जिनसे कारावास भी हट जाएगा और जुर्माना भी हट जाएगा। इसी प्रकार, ऐसे तीन प्रावधान हैं, जिनमें से कारावास हट जाएगा। मैंने गड़रिया, पोस्टमैन और भिखारी का उदाहरण देकर बताया। एक भिखारी, जो रेल में भीख माँगता है, उसको भी दो साल की सज़ा! वन विभाग के क्षेत्र में जिसकी बकरी घुस जाए, उसको 5 साल की सजा! इस प्रकार की जो सजाएँ थीं, ऐसी तीनों सज़ाएँ समाप्त कर दी गई हैं। इसी प्रकार, जुर्माने के जो प्रावधान हैं, वे 10 में बिल्कुल हट जाएँगे। फाइन और पेनल्टी में फ़र्क है। जो जुर्माना फाइन के रूप में है, उसके लिए कोर्ट में जाना पड़ता है, वहाँ के चक्कर काटने पड़ते हैं। उसके बजाय, अब अगर पेनल्टी कर देंगे तो जो अधिकारी है, वह इस काम को पूर्ण कर देगा, यह हट जाएगा। इसी प्रकार, कारावास को दंड या पेनल्टी में दो स्थानों पर परिवर्तित किया गया है। इसी प्रकार, जुर्माने को दंड में 18 स्थानों पर परिवर्तित किया गया है। इस प्रकार, इसमें 183 प्रावधान किए गए हैं और उन 183 प्रावधानों से हमें लाभ मिलेगा।

उपसभापति महोदय, हमारे यहाँ एक सूक्ति है कि '*विक्रमार्जित कार्येषु स्वयमेव नरेन्द्रता।*' जो आदमी विक्रम, बुद्धि से अपना काम करता है, वह स्वयमेव नरेन्द्रता हो जाता है। एक मृगेन्द्रता होता है, दूसरा नरेन्द्रता होता है। नरेन्द्र मोदी जी नरेन्द्रता हैं, उनका प्रभुत्व इन्हीं कामों के कारण बढ़ा है कि वे अपने विक्रम से, अपने पौरुष से इस प्रकार के कदम उठाते हैं और इससे बड़ा ऐतिहासिक काम आपको देखने को नहीं मिलेगा। सर, आपकी उंगली घंटी की ओर जा रही है?

श्री उपसभापति : आपके छः मिनट हो गए।

श्री घनश्याम तिवाड़ी : सर, उसमें विक्रम नहीं है।

मैं यह निवेदन करना चाहता हूँ कि इस प्रकार के कानूनों को समाप्त करने का जो काम माननीय प्रधान मंत्री जी ने किया है, यह बहुत ही अच्छा है। चूंकि माननीय गोयल साहब इस पर पूरा बोल चुके हैं, इसलिए अब इस पर ज्यादा बोलने की आवश्यकता नहीं है। मैं इतना ही निवेदन करना चाहूँगा कि यह बिल एक क्रांतिकारी कदम है, ऐतिहासिक कदम है और अपराधों को कम करने की स्थिति में है। यह जनता में विश्वास प्रकट करने के लिए है और जनता का विश्वास अर्जित करने के लिए है। इन्हीं शब्दों के साथ, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और शुभकामनाएँ!

श्री बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा) **:** महोदय, मैं 'जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2023' का समर्थन करता हूँ। जिस तरीके से माननीय मंत्री जी ने इस बिल के बारे में हाउस को संबोधित किया, मुझे लगता है कि हाउस में हर मेम्बर को इस बिल के बारे में स्पष्टता से समझ आ चुका है।

सर, मैं गाँव से आता हूँ, बहुत-से लोग गाँव से आते हैं। हमें छोटी उम्र में ही सिखाया जाता है कि बड़ा होकर डॉक्टर बनना है, इंजीनियर बनना है, नौकरी करनी है। स्वाभाविक तौर पर, कुछ लोग बिजनेस कौम से होते हैं, जिनके परिवार में बिजनेस किया जाता है, किंतु हम जो साधारण गरीब परिवार के लोग हैं, उन्हें सिखाया जाता है कि आपको तो पढ़ाई करके यही बनना है। चूँकि मेरे पिताजी को पता है कि फैक्टरी एक्ट में यह सब लिखा हुआ है, इसलिए मेरा बेटा

अपने जीवनकाल में यह नहीं कर सकता है और बिजनेसमैन नहीं बन सकता है। आज मैं वाणिज्य और उद्योग मंत्री को धन्यवाद देता हूँ। वे हाउस के मेरे नेता भी हैं। आप एक ऐसा संशोधन विधेयक लेकर आए हैं, जिससे कोई भी व्यक्ति, चाहे वह लड़का हो या लड़की, गाँव का हो या शहर का, नए तरीके से सोच सकता है कि मैं भी बिजनेस कर सकता हूँ, क्योंकि मेरे सामने ये सब प्रॉब्लम्स नहीं आएंगी। सर, इससे एक हिम्मत आती है। कोई बिजनेस करने के लिए बोल देता था और चार दोस्त मिलकर फैक्टरी लगाने के लिए एक लोन के लिए एप्लाई कर देते थे लेकिन इसमें भी 1,500 कानून थे, जिन्हें पूरा करने में दो साल भी लग जाते थे। इसके बाद भी वे डर के साथ बिजनेस में जाते थे। जब कोई नौजवान डर के साथ बिजनेस में जाएगा, तो स्वाभाविक तौर पर, उसका फेलियर होना निश्चित है। जब ऐसे लोग नए बिजनेस के लिए फैक्टरी लगाकर काम करने के लिए जाते थे, उनकी हिस्ट्री ऐसा ही कहती थी। इसका सारा डेटा इकट्ठा करने के बाद देखा जा सकता है कि अगर किसी ने नए तरीके से बिजनेस करने की कोशिश भी की थी, तो इन सब कानूनों के कारण उनमें से 80 परसेंट अनसक्सेसफुल हो जाते थे। यह इंस्पैक्टर राज था। अंग्रेजों के चले जाने के बाद भी, देश के स्वाधीन हो जाने के बाद भी कॉंग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने लगभग 65 साल शासन किया है। वे बोलते थे कि गरीब को बिजनेस करना चाहिए, लेकिन उन्होंने इसके लिए काम नहीं किया। मुझे दुख है कि वे सिर्फ बोलते हैं। मैं गाँव से आता हूँ, मैंने भी बहुत नारे सुने हैं। वे बोलते रहते हैं कि गरीब के लिए यह होना चाहिए, किसान के लिए यह होना चाहिए। मैंने भी कितने ही नारे सुने हैं, किन्तु किसी को किसान के लिए करना है, तो मोदी जी को करना है, गरीब के लिए करना है, तो मोदी जी को पीयूष गोयल जी के मंत्रालय के माध्यम से करना है। पीयूष जी, जब आप इस बिल को पढ़ रहे थे, तब आप बहुत फीलिंग के साथ पढ़ रहे थे। मैं आपका चेहरा देख रहा था। मैं तो इस हाउस से सीखता रहता हूँ। आपका चेहरा बोल रहा था कि आप किसी सोच के साथ कुछ करने जा रहे हैं। आप इस हाउस में मैकेनिकल मानसिकता के साथ नहीं आए थे, बल्कि एक फीलिंग के साथ आए थे। जब इस फीलिंग के साथ कोई बिल लाया जाता है, तो वह सक्सेसफुल ही होता है और यह इस देश में नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं, कोई दूसरा कर ही नहीं सकता है। यह प्रमाणित है कि इसका नाम जन विश्वास है और यह नाम ही नहीं, बल्कि और भी नाम हैं। एक 'आयुष्मान भारत योजना' भी है। हमें कोई बड़ा व्यक्ति, ऋषि, मुनि, गुरुजन आयुष्मान भवः बोलकर आशीर्वाद देता है, तो हम खुश हो जाते हैं। जब किसी बीमार व्यक्ति के साथ 'आयुष्मान भारत' का नाम चलता है, तब उसकी आधी बीमारी तो इसके नाम से ही दूर हो जाती है। 'नमामि गंगे' भी इतना सुंदर नाम है कि गंगा तो नाम से ही शुद्ध हो जाती है। इसी तरह से इसका नाम भी जन विश्वास रखा गया है। जब हमारे गाँव के छोटे बच्चे पढ़ाई करते हैं, तो सोचते हैं कि मैं कभी टाटा बनाऊँगा, मैं कभी रिलायंस बनाऊँगा, मैं ऐसा करना चाहता हूँ। उनके मन में यह विश्वास आएगा कि यह कानून नहीं है, यह जुर्माना नहीं है, अब जेल नहीं हो सकती है और हम यह काम कर सकते हैं, हम आगे बढ़ सकते हैं एवं हम यह काम सफलता के साथ कर सकते हैं - यह इस बिल में दिखाई दिया है। मैंने बहुत बेहतरीन तरीके से बिल पढ़ा है। घनश्याम जी ने इसे बहुत अच्छे तरीके से उठाया कि इसमें सिर्फ बिजनेस की ही बात नहीं है, बल्कि मानवता की भी बात है। इसमें Ease of Doing Business जरूर है, इसके साथ-साथ, हमारी जीने की पद्धति अच्छी हो, Ease of living हो, यह भी इसके साथ जोड़ा गया है। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को

धन्यवाद दूँगा कि आपने Ease of Doing Business के लिए ऑलरेडी 'One Nation, One Ration Card' लागू कर दिया है। आपने जन-धन, आधार और मोबाइल की त्रिवेणी लागू कर दी है। आपने कॉमन सर्विस सेंटर्स को लागू कर दिया है। आपने 'आरोग्य सेतु' और CoWIN को भी लागू कर दिया। ये हमारी जीवन शैली को सहजतर करते हैं और आज यह भारत में प्रमाणित हो चुका है। मैं आपको इस बिल को लाने के लिए धन्यवाद देता हूँ।

इसके साथ ही, मैं माननीय प्रधान मंत्री और श्री पीयूष गोयल जी को इस बात के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूँ कि आप लोगों ने गरीब के लिए सोचा, आप लोगों ने किसान के लिए सोचा, आपने उस बच्चे के बारे में सोचा, जिसको उसका पिता कॉलेज जाने के लिए एक बाइक खरीदकर देता है। इस बिल में आपने एक तरफ इंडस्ट्री के बारे में सोचा है, तो दूसरी तरफ एक पशु चराने वाले के बारे में भी सोचा है, जो आपकी मानवता की दृष्टि को दिखाता है। यह बहुत पहले होना चाहिए था, लेकिन आज आप इसको लेकर आए हैं, इसमें देर हुई, किन्तु आप एक ऐसा बिल लाए हैं, जिसके लिए आपको एक कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर के रूप में दुनिया याद रखेगी और माननीय प्रधान मंत्री जी का तो आज दुनिया लोहा मानती ही है। महोदय, आपने मुझे इस बिल पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री उपसभापति : धन्यवाद, माननीय बिप्लब कुमार जी। अब माननीय मंत्री श्री पीयूष गोयल जी जवाब देंगे।

श्री पीयूष गोयल : उपसभापति जी, इस बिल पर वास्तव में बहुत ही अच्छे-अच्छे वक्तव्य आए हैं और काफी सूचनाएँ आई हैं। इस चर्चा में हमारे कई माननीय सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें श्री घनश्याम तिवाड़ी, बिप्लब कुमार देब जी, नरसिंहा राव जी तथा कई अन्य माननीय सदस्य शामिल हैं। इस चर्चा की शुरुआत सुजीत कुमार जी ने की।

मैं सबसे पहले राज्य सभा के उन 10 माननीय सदस्यों का धन्यवाद करना चाहता हूँ, जो इस कमिटी में थे। वास्तव में, इस कमिटी में सभी 31 सदस्यों ने बहुत बढ़िया काम किया, पर चूंकि अभी मैं राज्य सभा में हूँ, इसलिए मैं माननीय घनश्याम तिवाड़ी जी, माननीय जी.वी.एल. नरसिंहा राव जी, माननीय महेश जेठमलानी जी, माननीय राधा मोहन दास अग्रवाल जी, श्री विवेक तन्खा जी, श्री सुखेन्दु शेखर राय जी, कनिमोझी एनवीएन सोमू जी, श्री नारायण दास गुप्ता जी, श्री सुजीत कुमार जी और श्री मस्थान राव बीडा जी, इन सभी के contribution को तहेदिल से acknowledge करना चाहता हूँ। इस कमिटी की रिपोर्ट बहुत ही लाजवाब थी। मैंने अपने जीवन में इतनी अच्छी रिपोर्ट और इतने अच्छे सुझाव कम ही देखे हैं। यह बहुत ही अच्छी रिपोर्ट आई। मुझे इसमें लगभग सभी का एकसार दिखा कि यह काम आगे भी चलते रहना चाहिए, राज्यों को भी इस काम में जोड़ा जाना चाहिए और राज्यों को भी इसमें और पहल करनी चाहिए। मैं यह बात सुनकर बहुत खुश हुआ।

सर, मैं यहाँ पर दो विषयों को रखना चाहूँगा। एक बात तो यह कि इस कमिटी ने हमें एक बहुत अच्छा सुझाव यह भी दिया कि हम एक वर्किंग ग्रुप बनाएँ, जो de-criminalisation के इस काम को आगे चलाता रहे। सुजीत जी, घनश्याम जी, नरसिंहा राव जी, बीडा जी, आप सब लोग

उसमें थे। मुझे आपका यह सुझाव बहुत ही बेहतरीन लगा कि एक वर्किंग ग्रुप बनाया जाए, जो सब कानूनों को देखता रहे। आपको जानकर खुशी होगी कि आपकी रिपोर्ट आने के बाद हमने एक वर्किंग ग्रुप बना दिया है, जो इस काम को आगे चलाता रहेगा। कई अन्यान्य डिपार्टमेंट्स, जैसे NITI Aayog, Reserve Bank, NABARD, National Housing Bank, NPCI, Pollution Control Board और FSSAI से जुड़े करीब 22 कैटेगरीज़ के लोगों को इसमें जोड़ा गया है। इसमें लीगल प्रोफेशनल्स, प्राइवेट प्रोफेशनल्स, सरकारी अधिकारी तथा कई chambers of industries को जोड़कर हमने एक वर्किंग ग्रुप बना दिया है, जो इस काम को आगे बढ़ाता रहेगा। इसके साथ-साथ, स्टेट्स के साथ भी हमारी चर्चा शुरू हुई है, जैसा कि माननीय विजयसाई रेड्डी जी तथा कई अन्य माननीय सदस्यों ने कहा कि वे भी ऐसी similar exercise करें। उनका यह अच्छा सुझाव था कि हम भी उनको कुछ गाइडलाइंस, कुछ गाइडेंस तथा कुछ सपोर्ट दें और केन्द्र एवं राज्य मिलकर यह परिवर्तन करें।

इसके अलावा, हमारे समक्ष एक अच्छी बात यह आई कि कई लोगों को मालूम नहीं पड़ता है कि क्या-क्या परिवर्तन हो रहे हैं। यह बात शायद विजयसाई रेड्डी जी या तंबी दुरै जी ने कही है कि प्रावधान में बदलाव होते रहते हैं, लेकिन कोई ऐसा उपाय हो कि सबको इसकी सूचना एक ही जगह पर सरलता से मिल सके। उपसभापति जी, मुझे आपके माध्यम से सभी माननीय सदस्यों को एक सूचना देते हुए हर्ष हो रहा है कि हमने एक National Single Window System स्थापित किया है, जिसमें कोई भी व्यक्ति, चाहे कोई उद्योग चलाना चाहे, कोई व्यापार करना चाहे, कोई नया काम शुरू करना चाहे, तो उसके लिए वह उस सिस्टम में Know Your Approvals सेक्शन पर जाकर इस बारे में बताए। मान लीजिए, वह बताता है कि मुझे चमड़े का कारखाना शुरू करना है। जैसे ही वह बताता है, हम उस नेशनल सिंगल विंडो के ज़रिये उनको गाइड करते हैं कि आपके ऊपर कौन-कौन से कानून और कौन-कौन से प्रावधान लागू होंगे, फिर उसके हिसाब से आप उस सिंगल विंडो के ऊपर approvals के लिए भी apply कर सकते हैं। हमने स्टेट्स को भी आमंत्रित किया है, ओडिशा, आंध्र प्रदेश आदि कई स्टेट्स इसमें जुड़े हैं। देश के लगभग सभी स्टेट्स और यूनियन टेरिटरीज़ राजनीति को छोड़ कर, राजनीति से ऊपर उठकर इसमें जुड़ रहे हैं। हम चाहते हैं कि केन्द्र, राज्यों, कॉर्पोरेशन और पंचायतों यानी देश भर की परमिशन एक ही जगह पर आ जाए, जिससे renewals भी आसान हो, ड्यूटीज़ की या एप्लीकेशन की कोई पेमेंट करनी हो, तो वह भी आसान हो। प्रधान मंत्री मोदी जी ने National Single Window जैसा एक revolutionary step इंट्रोड्यूस किया है। हमें मार्गदर्शन दिया है कि यह कैसे बनना चाहिए, कैसे लोग सरल तरीके से अपना काम कर सकें ताकि हमारे माननीय घनश्याम तिवाड़ी जी के कहे अनुसार इस देश में और अधिक लोग प्रोत्साहित हों। वे start-ups की दुनिया में, व्यापार की दुनिया में उद्योजक बनें, job-givers बनें, job-providers बनें, job-seekers ही न बनें। हर एक व्यक्ति सिर्फ एक सरकारी नौकरी के पीछे न भागता रहे। लोगों की हिम्मत और हौसला बढ़े कि हम भी अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं, नया कारोबार कर सकते हैं। उपसभापति महोदय, आज हमारे युवा व्यक्तियों का enterprise देखकर हैरानी होती है। आज हमारे start-ups की दुनिया में आईआईटी मद्रास में स्पेस रॉकेट तक बन रहे हैं। सर, एक व्यक्ति ने मुम्बई में डोसा बनाने का काम शुरू किया। वह इतना स्वादिष्ट डोसा बनाता है कि वह उसे 300 रुपये में बेचता है। वह इतना

स्वादिष्ट बनाता है कि उसके डोसा को खरीदने के लिए वहां लाइन लगती है। उसका सामान खत्म हो जाता है, लेकिन डिमांड खत्म नहीं होती। आज देश में युवा व्यक्ति नए-नए प्रयोग से अलग-अलग प्रकार से देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि यह हम सबके लिए हर्ष की बात है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं ज़रूर यहां सबको अवगत कराना चाहूंगा कि कमिटी ने 8 रिकमंडेशंस दीं, वे सभी रिकमंडेशंस लाजवाब थीं। कमिटी ने रिकमंड किया कि 8 और प्रोविज़ंस को सम्मिलित किया जाए। हमने 5 एक्ट्स की सभी 8 रिकमंडेशंस को accept कर लिया और सभी 8 प्रोविज़ंस को भी decriminalize किया। साथ ही साथ कमिटी ने 7 रिकमंडेशंस दीं, जिनमें उसका सुझाव तो है कि इसमें decriminalize किया जाए, लेकिन हमें लगता है कि इन 7 में अभी न करें। इसलिए हमने इस बिल में उन सातों पर अभी नहीं किया है। इस पर और स्टेकहोल्डर्स से कंसल्टेशन करेंगे, कमिटी के मेम्बर्स से भी चर्चा करेंगे। यह वर्किंग ग्रुप इस पर और चिंता करेगा, फिर अगर लगेगा कि ये लाने लायक है, तो अगले बिल में ले आएंगे। 'जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2023' एक शुरुआत है, अंत नहीं है। यह पहला प्रयास है, आगे ऐसे बहुत सारे प्रयास होंगे। हमने कमिटी की रिकमंडेशंस की इज्ज़त करते हुए इस बिल से सातों को हटा दिया। मैं कमिटी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि तीन ऐसे प्रावधान थे, जिसमें उन्होंने कहा कि quantum of penalty को बढ़ाया जाए। उनको लगा कि हमने जो रखा है, वह अभी भी कम है, deterrent नहीं बनेगा। लोग इसके कारण शायद फिर भी गलती कर सकते हैं या बार-बार गलती कर सकते हैं। हमने कमिटी की तीनों रिकमंडेशंस को accept कर लिया है। माननीय उपसभापति महोदय, सिर्फ एक ही रिकमंडेशन ऐसी है, जिसे कानूनी विशेषज्ञ और कानून डिपार्टमेंट से सलाह-मशविरा करने के बाद हम accept नहीं कर पाए। अगर आप मुझसे पूछें तो वह एक अच्छा सुझाव था। सुझाव यह था कि retrospective amendments को retrospective effect दे दिया जाए। इससे सीधे एक करोड़ केसेज़ कम हो सकते थे। उनका सुझाव था कि अगर इन सभी को retrospective amendment दे दें --आप देखिए कमिटी कितनी सूझ-बूझ से काम कर रही थी, इसमें लिखा था, 'Government may look into the legalities and other consequences of giving retrospective effect, and, if feasible, retrospective effect may be given to the proposed amendments.'

7.00 P.M.

उसको आप पार्लियामेंट में कानून पास करके बाहर नहीं निकाल सकते। अब जब हमने कानून पास कर दिया है, तो मुझे विश्वास है और मैं पूरे सम्मान के साथ कह सकता हूं कि हमारे जो सम्माननीय जज हैं, जब वे यह देखेंगे कि कानून में बदलाव होने से इनको डिक्रिमिनालाइज़ कर दिया गया है, तो जो एक करोड़ ऐसे केसेज़ हैं, जो इसके दायरे से बच सकते थे, शायद कोर्ट ही उनका संज्ञान लेते हुए इनको जल्दी निपटा देगा, ऐसी मैं उम्मीद करता हूं। इसके अलावा यह उनके विवेक पर निर्भर करता है, उनके पास पूरी पावर्स हैं कि इसका क्या करना है। उपसभापति महोदय, मैं सिर्फ एक-दो बातें बताना चाहता हूं। मैंने शुरुआत में कहा था कि मुझे दुख है और मैं

एक बात और बताना चाहता हूं कि मुझे दुख क्यों हुआ? कई बार हम कमेटी के काम में भी राजनीतिकरण करते हैं। वैसे तो ओवरऑल कमेटी ने बहुत अच्छे सुझाव दिए हैं। कमेटी के दो मेम्बर्स ने, एक कांग्रेस के मेम्बर थे और एक डीएमके के मेम्बर थे। मैं नाम नहीं लेना चाहता हूं, किसी पर टीका-टिप्पणी नहीं कर रहा हूं, लेकिन यह जो मानसिकता है कि यह सरकार का है, तो इसको अपोज़ करना है, यह बात मैं आपके माध्यम से सदन और देश के समक्ष रखना चाहता हूं। सर, दोनों पार्टीज़ के माननीय सदस्यों ने कहा कि आप Food Corporation Act में जो अमेंडमेंट करने जा रहे हैं, वह नहीं किया जाए। महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदन और माननीय सदस्यों के सामने बताना चाहता हूं कि उस एक्ट की कहानी क्या है? Food Corporation Act मेरे जन्म के वक्त 1964 में बना था। लगभग 60 साल हो गए हैं और मैं भी सीनियर सिटिज़न हो जाउंगा। इस 1964 के एक्ट में एक प्रावधान है कि सेक्शन 41 कहता है कि 6 महीने की सजा होगी, अगर कोई व्यक्ति Food Corporation of India का नाम बिना उसकी अनुमति के लेता है - केवल इतनी ही बात है। अगर कोई व्यक्ति FCI का नाम उनकी अनुमति के बगैर लेता है, तो 6 महीने की सज़ा हो सकती है। आज तक 59 सालों में इस प्रावधान का एक बार भी इस्तेमाल नहीं हुआ और हमारे माननीय सदस्य कह रहे हैं कि इसको डिक्रिमिनलाइज़ नहीं करना है। मैंने सिर्फ एक उदाहरण इसलिए दिया, क्योंकि हम कमेटी में राजनीति से कभी प्रेरित नहीं होते हैं। मैं भी विपक्ष के नाते कमेटी में रहा हूं। हमने always constructive suggestions दिए हैं। उसमें विपक्ष के कई सदस्य भी थे और उन्होंने कई अच्छे सुझाव भी दिए। दोनों तरफ ट्रेज़री बेंच और विपक्ष ने भी दिए, लेकिन जब इस प्रकार की मानसिकता दिखती है, तो अवश्य दुख होता है। हम इस कानून में High Denomination Bank Notes (Demonetisation) Act को repeal करने का प्रावधान लाए हैं। अब वह बात खत्म हो गई है। उसमें भी failure to furnish records, failure to give information जैसे प्रावधान थे। एक तरफ तो विपक्ष ने सालों-साल हमारी और माननीय प्रधान मंत्री जी की आलोचना की, जब हमने देश हित में high denomination currency notes को demonetise किया और अब कह रहे हैं कि उसमें जो क्रिमिनल प्रावधान है, उसको मत हटाइए, उसको रखिए! मैं यह समझ नहीं पा रहा हूं कि उनकी मंशा क्या है! क्या वे demonetisation के पक्ष में हैं! शायद इतने वर्षों में कांग्रेस का भी मन बन गया हो कि Demonetisation पी.एम. साहब लाए थे, सरकार लाई थी, वह देश के हित में था, देश के लिए अच्छा था। अगर वे यहां दर्शा रहे हैं, तो मैं अवश्य उसका स्वागत करता हूं। मैं सिर्फ जानकारी हेतु एक विषय सदन के समक्ष रखना चाहता हूं कि डिफेंस का एक्ट है, जिसमें कहा गया है कि यदि कोई प्लास्टिक बैग इस्तेमाल करता है, तो उसके ऊपर सजा हो सकती है। एक मिनट में वह एक्ट निकालता हूं, वह बड़ा इंटरेस्टिंग है। मैं आपका थोड़ा समय ले रहा हूं, मुझे मालूम है कि देर हो गई है और सब घर जाना चाहते हैं। माननीय उपसभापति जी, Cantonment Act में लिखा है कि अगर कोई व्यक्ति usage of material of non-degradable nature, including polythene bag, का इस्तेमाल करता है और उसके साथ एक-दो और छोटी चीज़ें हैं, resignation without permission या absence from duty by *safaikaramchari*. अब अगर कोई बीमार हो गया, तो पहले बीमारी का इलाज करवाएगा या कैन्टोनमेंट बोर्ड को देगा कि मैं आज काम पर नहीं आ सकता हूं। हमने ऐसे छोटे प्रावधान डिक्रिमिनलाइज़ किए हैं। माननीय उपसभापति जी, अब आप

बताइए कि कोई अगर कैन्टोनमेंट के एरिया में कुछ सामान लेते हुए जा रहा हो, उसको कैसे मालूम होगा कि मेरा बैग बायो डिग्रेडेबल मैटिरियल का है या नहीं। क्या यह संभव है? हम उसको डिक्रिमिनलाइज़ करते हैं, तो कुछ माननीय सदस्यों को उसमें भी दिक्कत होती है। जब ऐसी चीज़ें होती हैं, तो अवश्य दिल को दुख होता है और मैं समझता हूं कि सरकार इन प्रावधानों में बहुत सोच समझकर बदलाव लाई है और सबकी सहमति से लाई है। मेरा विश्वास है कि इसका लाभ देश के सामान्य व्यक्ति को, जो माननीय तिवाड़ी जी, बिप्लब जी, सुजीत जी, बीडा जी से लेकर सभी ने कहा कि देश के सामान्य लोगों को इसका लाभ होगा।

अंत में, मैं खुद का एक अनुभव बताकर अपनी बात को विराम दूंगा। सर, मैं जब 17 वर्ष का था, तब मैंने एक छोटी फैक्टरी लगाने का काम शुरू किया। वह 1980 का दशक था, तब एक ऐसी सरकार थी, जिसके 400 से अधिक सांसदों को चुनकर देश की जनता ने भेजा था। उस समय मैं कॉलेज का विद्यार्थी था, बड़े उत्साह से एक युवा प्रधान मंत्री ने बड़ी-बड़ी बातें कही थीं, युवा प्रधान मंत्री ने of course यह भी कहा था कि मैं तो इतना निहत्था हूं कि मैं 100 रुपये भेजता हूं, तो सिर्फ 15 रुपये गरीब तक पहुंचते हैं और 85 रुपये तो दलाल, भ्रष्टाचारी और बिचौलिए ले जाते हैं। उस समय की यह बात आपको याद होगी। तब मैंने साहस किया कि अगर एक युवा प्रधान मंत्री कह रहा है कि मैं देश के लिए कुछ अच्छा करने वाला हूं, तो मैंने भी एक छोटी सी फैक्टरी 19 लाख, 80 हजार रुपये की लगाई थी। सर, यह अलग बात है कि 2,930 वर्गमीटर की जमीन खरीदने के लिए 93-94 टाइम्स मुझे एमआईडीसी के ऑफिस के धक्के खाने पड़े। उस समय महाराष्ट्र में कांग्रेस की सरकार चल रही थी, वहां पर 1982-83 में एमआईडीसी (महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) काम करता था। मुझे 93 या 94 टाइम्स जाना पड़ा, मैं भी भूल रहा हूं, क्योंकि मेरी भी उम्र हो गई है। मैंने 17-18 साल की आयु में एक छोटी सी जमीन के टुकड़े के लिए 93-94 बार धक्के खाये थे। उसी समय की मुझे यह बात भी याद है, मुझे पता भी नहीं था कि कोई Collection of Statistics Act होता है। तीन-चार साल तक वह statistics नहीं भरे थे, तो मुझे याद है कि उस समय जिस तरह से मेरा हरैसमेंट हुआ था, जिस प्रकार से मुझे तंग किया गया था, जिस प्रकार से बार-बार उस Collection of Statistics Act के अंतर्गत अधिकारी आते थे, taunt करते थे कि आपने statistics नहीं दिया है। अब statistics नहीं देने का तो हमारे पास कोई पर्याय नहीं है, आपको तो अब जेल जाना पड़ेगा। आप सोचिए, छोटी आयु में जेल का डर कितना होता होगा। यह बात अलग है कि आज एक नेता जो अपने आपको परमानेंटली युवा नेता मानते हैं, वे एक पूरे समाज की इन्सल्ट कर देते हैं, लेकिन एक छोटी माँफी मांगने में उनको ऐंठ आती है। वह मानसिकता अलग है, परंतु हम माफी तो क्या, उसके पैर छूने के लिए तैयार थे कि साहब गलती हो गई, मुझे मालूम ही नहीं था कि मुझे statistics देनी हैं। लेकिन मुझे उस समय ज़लील किया गया, harass किया गया, जेल की धमकी के नाते उस समय मुझसे गलत काम भी करवाए गए थे। मैं समझता हूं कि मुझे आज Collection of Statistics Act में वह प्रावधान निकालने का यह सौभाग्य प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने दिया, इसके लिए मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं, धन्यवाद।

श्री उपसभापति : धन्यवाद, माननीय मंत्री जी। Now, the question is:

"That the Bill to amend certain enactments for decriminalising and rationalising offences to further enhance trust-based governance for ease of living and doing business, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up Clause-by-Clause consideration of the Bill.

Clause 2 was added to the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In Clause 3, there is one Amendment (No. 1) by Dr. V. Sivadasan. He is not present. Amendment not moved.

Clause 3 was added to the Bill.
Clause 4 was added to the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In the Schedule, there is one Amendment (No. 2) by Dr. V. Sivadasan. Not present. Amendment not moved.

The Schedule was added to the Bill.
Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Som Parkash to move that the Bill be passed.

SHRI SOM PARKASH: Sir, I move:

That the Bill be passed.

The question was put and the motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet at 11.00 a.m. on Thursday, the 3rd August, 2023.

The House then adjourned at thirteen minutes past seven of the clock till eleven of the clock on Thursday, the 3rd August, 2023.